**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1031**
**दिनांक 04 दिसम्बर, 2024 / 13 अग्रहायण, 1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**भारत आपदा संसाधन नेटवर्क**

**1031# श्री अरुण सिंहः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या देश भर में जिला स्तर तक आपदा प्रबंधन उपकरणों की उपलब्धता पर अद्यतन जानकारी प्रदान करने के लिए भारत आपदा संसाधन नेटवर्क नामक पोर्टल शुरु किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**
**(ख) भारत आपदा संसाधन नेटवर्क डेटाबेस में कितने राज्य और जिले सूचीबद्ध हैं; और**
**(ग) इस नेटवर्क का उद्देश्य क्या है तथा आपदाओं के दौरान यह किस प्रकार लाभकारी सिद्ध होगा ?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) से (ग): इंडिया डिजास्टर रिसोर्स नेटवर्क (आईडीआरएन) संसाधनों की एक राष्ट्रव्यापी इलेक्ट्रॉनिक सूची है जो जिलों, राज्यों और राष्ट्रीय स्तर के विभागों और एजेसियों से एकत्रित उपकरणों और मानव संसाधनों को सूचीबद्ध करता है। आईडीआरएन आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए उपकरणों, कुशल मानव संसाधन और महत्वपूर्ण आपूर्ति की सूची के प्रबंधन के लिए एक वेब आधारित मंच है। इस पोर्टल का प्राथमिक फोकस निर्णयकर्ताओं को किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपकरणों और मानव संसाधनों की उपलब्धता का पता लगाने में सक्षम बनाना है।

यह डाटाबेस निर्णयकर्ताओं को विशिष्ट आपदाओं के लिए तैयारी के स्तर और उपकरणों की उनके स्थान के साथ उपलब्धता का आकलन करने में भी सक्षम बनाता है, जिसके फलस्वरुप आपदाओं के समय जरुरतमंद राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/हितधारकों (स्टेकहोल्डरों) द्वारा इनका आसानी से पता लगाने के उपरान्त त्वरित प्रतिक्रिया हेतु उपयोग किया जा सकता है।

आईडीआरएन का विवरण https://idrn.nidm.gov.in पर उपलब्ध है। वर्तमान में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 770 जिले आईडीआरएन पर पंजीकृत हैं।

******